KGC के प्रतिवेदनार्थ

सेवा में,

श्रीमान अंचल अधिकारी
बेरमो, बोकारो (झारखण्ड)

विषय :- अतिक्रमन मुक्त करने के संबंध में

महाशय,

सविनय पूर्वक कहना है कि मैं बबलु कुमार सिंह पिता उदय सिंह पता दमोदर नगर हिन्दुस्तान पुल का निवासी हूँ। श्रीमान कार्यालय से खाता सं० 131 प्लॉट न० 3189 से संबन्धित नोटिस प्राप्त हुआ था जो अतिक्रमन मुक्त करने के संबन्धित है।

अत: श्रीमान खाता न० 131 प्लॉट न० 3189 उक्त भूखण्ड को मेरे द्वारा अतिक्रमन से मुक्त कर दिया गया है यह लिखित आज दिनांक 21/07/2023 को श्रीमान के समक्ष दे रहा हूँ।

प्राप्त
21/7/23

आपका विश्वासी
बबलु कुमार सिंह
पता- दमोदर नगर हिन्दुस्तान
पुल

दिनांक - 21/07/2023

Scanned with CamScanner

आदेश फलक
(देखें अभिलेख हस्तक 1941 नियम 129)

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर अतिक्रमण अभिलेख सं0- 03/2023-24	आदेश पर की गई कार्यवाई के बारे में टिप्पणी सहित
04/07/23	आवेदक मो0 फैजान, ग्राम–पटेल नगर, पो0–फुसरो, थाना–बेरमो, जिला–बोकारो के द्वारा (प्रथम पक्ष) आवेदित किया गया है कि मौजा–ढोरी, थाना नं0–68 खाता नं0–131 प्लॉट सं0–3189 भूमि पर बबलु कुमार सिंह पिता–उदय सिंह, ग्राम–दामोदर नगर हिन्दुस्तान पुल (द्वितीय पक्ष) के द्वारा उक्त भूमि पर चाहरदिवारी देकर अतिक्रमण किया गया है। झारखण्ड सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 (बिहार अधिनियम XV वर्ष 1956) की धारा 2 की उप–धारा (2) के तहत् (द्वितीय पक्ष) को नोटिस निर्गत करें एवं राजस्व उप निरीक्षक से प्रभारी अंचल निरीक्षक के माध्यम से जांच प्रतिवेदन की मांग करें। अभिलेख दिनांक 19/07/23 को उपस्थापित करें। अंचल अधिकारी, बेरमो (बोकारो)	
19/07/23	अभिलेख उपस्थापित। नोटिस तामिला प्राप्त है अभिलेख में संलग्न है। द्वितीय पक्ष अनुपस्थित पाये गयें। अभिलेख दिनांक 21/07/23 को उपस्थापित करें। अंचल अधिकारी, बेरमो (बोकारो)	
21/07/23	अभिलेख उपस्थापित। द्वितीय पक्ष उपस्थित हुयें। इन्होंने आवेदित किये है कि मेरे द्वारा मौजा–ढोरी, थाना नं0–68 खाता नं0–131 प्लॉट सं0–3189 पर चाहरदिवारी काम बंद कर दिया गया है एवं उक्त भू–खण्ड को अतिक्रमण से मुक्त कर दिया गया है। राजस्व उप निरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक के द्वारा भी उस आशय का प्रतिवेदित किया गया है कि अतिक्रमणकारी के द्वारा उक्त भू–खण्ड को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है। लेखापित अंचल अधिकारी, बेरमो (बोकारो) अंचल अधिकारी, बेरमो (बोकारो)	

Digitally signed by MANOJ KUMAR
Date: 2023.07.25 16:21:07 +05:30
Location: 192.168.29.161

Scanned with CamScanner